web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 12 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 45

## महत्वपूर्ण एवं खास

### करोड़ों रुपए के नशीले पद्धार्थों और हथियारों सहित 3 गिरफ्तार
**लुधियाना (आरएनएस)।** एंटी नारकोटिक्स सैल 1 की पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले 3 नौजवानों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों से भारी मात्रा में नशीले पद्धार्थ और हथियार बरामद किए गए है। इस संबंधित जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. कोसतुभ शर्मा ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी करके तीनों को गिरफ्तार किया गया है। काबू किए गए आरोपी परमवीर सिंह उर्फ मार्शल से 300 ग्राम हैरोइन, ड्रग मनी 40 हजार, 1 किलो अफीम और क्रेटा कार, दूसरे आरोपी यादविंदर उर्फ रिंकल से 24 ग्राम आईस, 10 हजार ड्रग मनी, 1 किलो अफीम और जुपीटर जबकि कंवलजीत उर्फ कप्पू से 32 बोर की पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, 2 मैग्जीन बरामद किए गए है।

### इण्डो पाक बॉर्डर पर बीएसएफ ने बरामद की 4 पैकेट हेरोइन
**फिरोजपुर (आरएनएस)।** बॉर्डर पर हेरोइन मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर फिरोजपुर भारत बॉर्डर पर बी.एस.एफ. ने सर्च अभियान के दौरान फेंसिंग के पास खेतों में से 4 छोटे हेरोइन के पैकट बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन पैकेटों में कुल 312 ग्राम हेरोइन है। जानकारी देते हुए बी.एस.एफ. पंजाब फ्रंटियर के पब्लिक रिलेशन अफसर ने बताया कि जब वे फेंसिंग के साथ लगते गांव निजाम वाला के खेतों में गए तो वहां एक वृक्ष के नीचे कुछ पैकेट पड़े हुए थे। ये पैकेट पीले रंग की टेप के साथ लपेटे हुए थे। जानकारी के अनुसार पकड़ी गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 53 लाख बताई जा रही है।

### अभिनेत्री जैकलीन को अंतरिम जमानत 15 नवंबर तक दी गई
**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की अंतरिम जमानत 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। उस दिन नियमित जमानत पर आदेश सुनाया जाएगा।

### 17-20 नवंबर तक बंद रहेगी यूपी-नेपाल सीमा
**बहराइच (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा पड़ोसी हिमालयी देश में आम चुनाव के मद्देनजर 17-20 नवंबर तक बंद रहेगी। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में नेपाल के बांके जिले में दोनों देशों के अधिकारियों की उच्च स्तरीय समन्वय बैठक हुई है। बैठक में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बहराइच के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रशासन नेपाल में स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, नेपाल सरकार ने 17 से 20 नवंबर तक भारत के साथ लगती सीमाओं को बंद करने का फैसला किया था। इस अवधि के दौरान आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। नेपाल ने बहराइच और श्रावस्ती जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों से बंद अवधि के दौरान उनसे सहयोग की अपील की है। ।

### कार हादसा : पति-पत्नी सहित दो बच्चों की दर्दनाक मौत
**पाली/सुमेरपुर (आरएनएस)।** पाली जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन स्थित बापू नगर के समीप शुक्रवार शाम एक कार का टायर फटने से डिवाइडर से टकराकर गलत दिशा जाकर ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे कार में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड से गुजरात की तरफ जा रही एक कार का टायर फट गया। जिससे कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर गलत दिशा में एक ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे कार में सवार पति-पत्नी व दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद सुमेरपुर सीओ रजत विश्नोई, थानाधिकारी रामेश्वर भाटी मय दल व शिवगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से चारों शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में वाहन चालकों के साथ लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# रिहा होंगे राजीव गांधी के हत्यारे, सुप्रीमकोर्ट ने सभी को छोड़ने के दिए आदेश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज एक बड़ा फैसला सुनाते हुए पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या के मामले में जेल में बंद सभी 6 दोषियों को रिहा करने के आदेश दे दिए हैं। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर इन दोषियों पर कोई अन्य मामला नहीं है, तो इन्हें रिहा कर दिया जाए।

बता दें कि 21 मई 1991 को एक चुनावी रैली के दौरान तमिलनाडु में एक आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पेरारिवलन समेत 7 लोगों को दोषी पाया गया था। टाडा अदालत और सुप्रीम कोर्ट ने पेरारिवलन को मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने दया याचिका के निपटारे में देरी के आधार पर फांसी की सजा उम्रकैद में बदल दी थी। वहीं आज सुप्रीम कोर्ट ने आज हत्या के दोषी नलिनी और पी रविचंद्रन समेत 6 दोषियों की रिहाई का आदेश दे दिया। नलिनी और रविचंद्रन दोनों 30 साल से ज्यादा वक्त से जेल में गुजार चुके थे। 18 मई को सुको ने इस मामले में एक और दोषी पेरारिवलन को रिहाई के आदेश दिया था, बाकी दोषियों ने भी उसी आदेश का हवाला देकर कोर्ट से रिहाई की मांग की थी।

## ज्ञानवापी में शिवलिंग का संरक्षण जारी रहेगा, सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों से तीन हफ्तों में हलफनामा मांगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद में कथित 'शिवलिंग' होने के दावे के बाद उस क्षेत्र की सुरक्षा से संबंधित अपने 17 मई के अंतरिम आदेश शुक्रवार को बरकरार रखने का आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने हिंदू पक्षकारों की याचिकाओं पर अपना यह आदेश पारित किया। पीठ ने अगले आदेश तक अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को 'विशेष उल्लेख' के दौरान अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की गुहार स्वीकार करते हुए कहा था कि इस मामले में वह शुक्रवार को सुनवाई करेगी। पीठ के समक्ष अधिवक्ता जैन ने संबंधित क्षेत्र की सुरक्षा संबंधी अंतरिम आदेश के 12 नवंबर को समाप्त होने की जानकारी का उल्लेख करते हुए इसे आगे बढ़ाने की अर्जी पर सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में 'शिवलिंग' मिलने के दावे के बाद संबंधित पक्षों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 17 मई को उस विवादित क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अंतरिम आदेश पारित किया था। कोर्ट ने सभी पक्षों से तीन हफ्तों में हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है।

## सुप्रीमकोर्ट ने मुआवजे के खिलाफ जम्मू-कश्मीर की याचिका की खारिज
### खांसी के नकली सिरप से 10 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीमकोर्ट ने उधमपुर जिले में खांसी की समस्या के उपचार के लिए नकली सिरप से 10 बच्चों की मौत के बाद उनके परिजनों को 3-3 लाख रुपये का मुआवजा देने के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के फैसले के खिलाफ जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा दायर एक याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। जस्टिस एम. आर. शाह और जस्टिस एम. एम. सुंदरेश ने कहा कि अधिकारी लापरवाह पाए गए और उसे इस मामले में दखल देने का कोई कारण नजर नहीं आता। पीठ ने कहा, 'आपके अधिकारी लापरवाह पाए गए हैं। उन्हें सतर्क रहना चाहिए। हमें खाद्य एवं उद्योग विभाग के बारे में कहने के लिए मजबूर नहीं करें। उन्होंने यहां तक कि अपनी ड्यूटी तक नहीं निभाई। हम नागरिकों के जीवन से नहीं खेल सकते हैं। यह उनका कर्तव्य है कि वे इसकी जांच करें और चीजों की पुष्टि करें। शीर्ष अदालत जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा तीन मार्च, 2021 को उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनएचआरसी के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। उधमपुर की रामनगर तहसील में दिसंबर 2019 और जनवरी 2020 में नकली कफ सिरप के सेवन से 10 बच्चों की मौत हो गई थी। इस मामले में एनएचआरसी को औषधि विभाग की ओर से प्रक्रियात्मक खामियां मिली थीं। आयोग ने विभाग की ओर से हुई चूक के लिए जम्मू कश्मीर प्रशासन को परोक्ष रूप से जिम्मेदार ठहराते हुए मृतक के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये के मुआवजे की सिफारिश की थी।

## यूजीसी ने बदले नियम, अब महिलाएं दूसरे शहर जाकर भी पूरी कर सकेंगी पीएचडी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यूजीसी ने पीएचडी करने वाली महिलाओं को आज एक बड़ी राहत दी है। अब पीएचडी के लिए एक शहर से दूसरे शहर तक भागना नहीं पड़ेगा। दरअसल यूजीसी ने अपने नियमों में बदलाव किए हैं। पहले शादी के बाद या अन्य किसी कारण से शहर छोडऩे वाली लड़कियों को शहर बदलने के बावजूद पीएचडी के चलते वापस शहर आना पड़ता था, लेकिन अब यूजीसी ने नियम बदल दिए हैं। यानि कि उन्हें अब दूसरी जगह जाकर पीएचडी पूरी करने की छूट मिलेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2022 के तहत अब पीएचडी को ट्रांसफर किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पीएचडी के नए नियमों में बदलाव कर इस नए नियम को शामिल किया है। इससे पहले 2016 में पीएचडी करने के नए नियम व संशोधन जारी किए गए थे, लेकिन अब नई शिक्षा नीति के मुताबिक संशोधन करते हुए यूजीसी ने अधिसूचना जारी कर दी है। यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक शादी के चलते या अन्य कारणों से महिला शोधार्थी दूसरी जगह जाती हैं और वहां के किसी संस्थान में पीएचडी जारी रखना चाहती हैं तो उन्हें अनुमति दी जाएगी। शोध को दूसरी जगह से करने के लिए सभी नियम और शर्तों का ध्यान रखा जाएगा। यह भी ध्यान रखा जाएगा कि शोध मूल संस्थान या पर्यवेक्षक द्वारा किसी वित्त पोषण एजेंसी से प्राप्त न किया गया हो। इस नियम के तहत शोधार्थी का अब तक का किया पूरा काम ट्रांसफर हो जाएगा।

## दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन को पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बेंगलुरू के क्रांतिवीर संगोल्लि रायाण्ण रेलवे स्टेशन से नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेन तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से कर्नाटक के मैसूर तक चलेगी। बेंगलुरू में भी इसका स्टॉप होगा। ये देश की कुल पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है, वहीं दक्षिण भारत की ये पहली वंदे भारत ट्रेन है। पिछले महीने ही प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश में चौथी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की मदद से चेन्नई से मैसूर के बीच का सफर साढ़े छह घंटे में पूरा किया जा सकेगा। अभी इस सफर को पूरा करने में औसतन नौ घंटे से अधिक का समय लगता है। यात्रियों को चेन्नई-मैसूर के बीच इकोनॉमी क्लास की सीट के लिए 1,200 और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2,295 रुपये देने होंगे, वहीं मैसूर-चेन्नई के बीच ये चार्ज क्रमश: 1,365 और 2,486 रुपये होगा। ट्रेन में 16 डिब्बे और 1,128 सीटें हैं।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केआईए के टर्मिनल-2 का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) के टर्मिनल2 का शुक्रवार को उद्घाटन किया। इस इको-फ्रेंडली टर्मिनल' में बांस का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया है और यह 5,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। इसे टर्मिनल इन ए ग्रीन' भी कहा जा रहा है।

केआईए के अधिकारियों ने बताया कि इस नए टर्मिनल पर सलाना 2.5 करोड़ लोगों को सेवाएं मुहैया कराए जाने की उम्मीद है।

केआईए के एक अधिकारी ने कहा, टी-2 बेहतरीन वास्तुकला का एक उदाहरण है, जो अपने आप में पहला टर्मिनल इन ए ग्रीन' (हरियाली के बीच टर्मिनल) है। इसके अंदर व बाहर हर तरफ हरियाली है, ऐसा नज़ारा विश्व में किसी हवाई अड्डे पर देखने को नहीं मिलता। यहां से यात्रियों को गुजरते हुए ऐसा लगेगा कि वे किसी बगीचे से जा रहे हैं।

## कश्मीर में 4 आतंकी गिरफ्तार, आईईडी बम लगाने की रच रहे थे साजिश



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकवादी सहयोगियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से विस्फोटक सामग्री जब्त की गई।

इनकी पहचान करामत-उल-लाह रेशी, सुहैल बशीर गनई, आदिल गनी लोन और इरशाद अहमद के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि उनके पास से विस्फोटक सामग्री समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस ने कहा, प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पता चला कि गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी पीओके निवासी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी कमांडर बाबर उर्फ समामा के संपर्क में थे और पुलिस व सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने के इरादे से त्राल इलाके में आईईडी लगाने की साजिश रच रहे थे।

इसके अलावा, गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी लश्कर के सक्रिय आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद और अन्य रसद सहायता के परिवहन में भी शामिल थे। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मुठभेड़ में जैश का एक आतंकवादी ढेर-** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आतंकवादी की पहचान कमरान भाई उर्फ हनीस के तौर पर हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शोपियां जिले के कापरेन इलाके में शुक्रवार तडक़े सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।

कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने ट्वीट किया, मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की पहचान जैश के कमरान भाई उर्फ हनीस के तौर पर हुई है, जो कुलगाम और शोपियां इलाके में काफी सक्रिय था। तलाशी अभियान अब भी जारी है।

## यूपी : बाघ के हमले से 10 साल के बच्चे की मौत

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में दुधवा बफर जोन के जंगलों से भटके बाघ ने 10 साल के एक बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। यह घटना पलिया कोतवाली अंचल के निंबुआबोझ गांव में बीती शाम गन्ने के खेत के पास हुई। बताया जा रहा है कि जसीम नामक लडक़ा फसल काटने के लिए खेतों में गया था, जब पास में छिपे बाघ ने हमला कर उसे मार डाला।

खेत में काम कर रहे ग्रामीण उसे बचाने दौड़े और बाघ को खदेड़ दिया। लेकिन गंभीर रूप से घायल बालक ने दम तोड़ दिया। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया।

पलिया कोतवाली प्रभारी, पी.के. मिश्रा और उनके कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास किया।

दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड निदेशक संजय कुमार पाठक और दुधवा बफर जोन के उप निदेशक सुंदरेश भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

घटना की पुष्टि करते हुए पाठक ने कहा कि दुखद घटना के बाद सार्वजनिक आक्रोश को देखते हुए बाघ को पकडऩे के लिए पिंजरे लगाए जाएंगे। बाघ को वापस जंगल में ले जाने के लिए हाथी की गश्त भी की जाएगी।

## टैंक में तीन मजदूरों की मौत : गुस्साई भीड़ ने सड़क जाम कर किया हंगामा

### सीवर सफाई टैंकर-ट्रैक्टर मालिक पर लगाया हत्या का आरोप



**कानपुर (आरएनएस)।** जाजमऊ में इंशा टेनरी में सीवर टैंक साफ करने के लिए उतरे तीन मजदूरों की मौत से परिवार बेहाल हो गए हैं। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर गुस्साई भीड़ ने सडक़ जाम करके हंगामा किया और सीवर सफाई टैंकर-ट्रैक्टर मालिक पर आरोप लगाया। हालांकि ट्रैक्टर मालिक ने पहले ही जाजमऊ थाने में टेनरी मालिक पर जबरन मजदूरों को टैंक में उतारे जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दे दी है।

हादसे में जान गवाने वाले सोनू, सुखबीर और सत्यम पर अपने-अपने परिवारों की जिम्मेदारी थी। सुखवीर की मौत से दो बेटियां बेसहारा हो गईं तो सोनू के चार माह के बेटे की अभी आंखें भी खुलना शुरू नहीं हुईं थी और पिता को ठीक से देखने से पहले ही उसके सिर से पिता का साया उठ गया। तीन मजदूरों की मौत से गुस्साए लोगों ने शुक्रवार की सुबह अस्पताल के बाहर जाम लगाने के बाद पोस्टमार्टम हाउस पर भी हंगामा किया। इसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वहीं एसीपी स्वरूप नगर,एसीपी कर्नलगंज और एसीपी नजीराबाद भी मौके पर पहुंचे। परिवार वाले हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाते समय हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने समझाकर शांत कराया है।

**पत्नी व दो मासूम बेटियां हुई बेसहारा -** मूलरूप से कानपुर देहात के बिसलाया गांव के रहने वाले सुखबीर गौतम पांच भाइयों व दो बहनों में तीसरे नंबर के भाई थे। सुखवीर अपने परिवार में पत्नी रितु और बेटी प्रिंसी (5) और नैंसी (3) के साथ रह रहे थे। साले विक्की ने बताया देर शाम बहनोई घर नहीं पहुंचे तो बहन ने मोबाइल नंबर पर कॉल करके जानकारी की। काल रिसीव करने वाले ने बताया कि एंबुलेंस का चालक है और सुखवीर एलएलआर अस्पताल हैलट में है, उनकी हालत गंभीर है। इसके बाद घरवाले एलएलआर अस्पताल पहुंचे तो सुखवीर की मौत होने की जानकारी मिली। सुखवीर की मौत से पत्नी रितु व दो मासूम बेटियां बेसहारा हो गई हैं।

**चार माह के बेटे के सिर से उठा पिता का साया**

बिनगवां कैलाश नगर निवासी सोनू सोनकर (28) दो साल से सीवर टैंकर के ट्रैक्टर पर काम कर रहा था। भाई ने बताया के सोनू की पत्नी नंदिनी ने चार महीने पहले ही बेटे को जन्म दिया था। बेटे का नाम उन्होंने शियांश रखा था। उन्हें भी सोनू के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली थी, जिस पर वह लोग एलएलआर अस्पताल हैलट पहुंचे तो इमरजेंसी में कुछ पता नहीं लगा। काफी देर बाद इमरजेंसी के बाहर तीन शव रखे दिखाई दिए और जब चादर हटाई तो सन्न रह गए क्योंकि एक शव सोनू का था।

**तय हो गई थी शादी**

घाटमपुर के साढ़ के पडऱी लालपुर निवासी सत्यम (31) तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी तय हो गई थी और गर्मियों के मौसम में बारात जाना तय था। छोटे भाई शिवम ने बताया कि काम अधिक होने पर भाई कभी-कभी दोस्तों के पास रुक जाते थे। रात में उनको फोन कॉल की तो स्विच ऑफ आ रहा था। सुबह करीब सात बजे परिचितों से हादसे की जानकारी मिली तो वह तुरंत आ गए।